# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

**नाशिक** | **Wednesday, 23 September 2026**


# शांति के मामले मे भंारत अमेरिका, रूस, इजराइल और पाकिस्तान से आगे : ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026 मे भंारत की बेहतर स्थिति, आइसलैडं फिर बना दुनिया का सबसे शांतिपूर्ण देश


राजेश चौधरी



Published on 11 Jun 2026





दुनिया के सबसे शांतिपूर्ण देशों की ताजा सूची में भारत ने अमेरिका, रूस, इजराइल, ईरान और पाकिस्तान जैसे देशों से बेहतर स्थान हासिल किया है। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP) द्वारा जारी **ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026** के अनुसार भारत 127वें स्थान पर है, जबकि कई प्रमुख वैश्विक शक्तियां इससे नीचे हैं।

हालांकि भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में भारत 124वें स्थान पर था, जबकि इस वर्ष वह 127वें स्थान पर पहुंच गया है। भारत का कुल स्कोर 2.409 दर्ज किया गया है।

लगातार 19वीं बार शीर्ष पर आइसलैंड

रिपोर्ट के अनुसार आइसलैंड एक बार फिर दुनिया का सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित हुआ है। लगातार 19 वर्षों से वह इस सूची में पहला स्थान बनाए हुए है। कम अपराध दर, राजनीतिक स्थिरता, मजबूत सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था और उच्च जीवन स्तर ने आइसलैंड को यह उपलब्धि दिलाई है।

अमेरिका और रूस की स्थिति चिंताजनक

रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते संघर्षों और भू-राजनीतिक तनावों का असर कई देशों की रैंकिंग पर पड़ा है। अमेरिका 134वें स्थान पर पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय सैन्य अभियानों और वैश्विक संघर्षों में बढ़ती भागीदारी को इसकी रैंकिंग में गिरावट का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

वहीं रूस सबसे कम शांतिपूर्ण देशों में शामिल है। लंबे समय से जारी सैन्य संघर्षों और क्षेत्रीय अस्थिरता ने उसकी स्थिति को और कमजोर किया है।

## पाकिस्तान और ईरान भी भारत से पीछे

दक्षिण एशिया में भारत की स्थिति पाकिस्तान से काफी बेहतर बनी हुई है। पाकिस्तान इस सूची में 152वें स्थान पर है। पिछले वर्ष की तुलना में उसकी रैंकिंग छह स्थान नीचे खिसकी है, जो देश में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों और अस्थिरता को दर्शाती है।

ईरान 144वें स्थान पर है, जबकि इजराइल 160वें स्थान पर दर्ज किया गया है। हालिया संघर्षों और सुरक्षा परिस्थितियों का असर इन देशों की रैंकिंग पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

## दक्षिण एशिया में भूटान सबसे शांतिपूर्ण

दक्षिण एशियाई देशों की बात करें तो भूटान क्षेत्र का सबसे शांतिपूर्ण देश बना हुआ है। इसके बाद श्रीलंका, नेपाल और बांग्लादेश का स्थान आता है। भारत पांचवें स्थान पर है, जबकि पाकिस्तान और अफगानिस्तान सूची में सबसे नीचे हैं।

## मुस्लिम देशों में कतर सबसे आगे

मुस्लिम बहुल देशों में कतर सबसे शांतिपूर्ण देश के रूप में उभरा है। वैश्विक सूची में उसका स्थान 31वां है। इसके बाद कुवैत 49वें और ओमान 60वें स्थान पर हैं। खाड़ी क्षेत्र में जारी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद इन देशों ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है।

## कैसे तय होती है रैंकिंग?

ग्लोबल पीस इंडेक्स हर वर्ष दुनिया के देशों की शांति और स्थिरता का मूल्यांकन करता है। इसमें आंतरिक और बाहरी संघर्ष, अपराध दर, सैन्य खर्च, आतंकवाद, राजनीतिक स्थिरता, सामाजिक सुरक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था जैसे विभिन्न मानकों को शामिल किया जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में शांति का स्तर लगातार चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन भारत की स्थिति अभी भी कई प्रमुख वैश्विक शक्तियों की तुलना में बेहतर बनी हुई है। यह भारत की आंतरिक स्थिरता और सामाजिक संतुलन का महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.